**खबर संक्षेप**

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**मण्डला।** संचालनालय, खेल और युवा कल्याण म.प्र. 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10000 रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8000 रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6000 रूपए खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। आवेदन संबंधित जिले के कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मण्डला से प्राप्त कर सकते हैं। 31 मई के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश व नियमावली विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## श्रीमती सिया सोनी का निधन



**नारायणगंज।** चिरईड़ोगरी के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन सोनी की धर्मपत्नी सिया देवी सोनी उम्र करीबन 72 बर्ष की आयु में बुधवार को निधन हुआ, जिनका अंतिम संस्कार दिन गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ, शव यात्रा में परिजनों एवं क्षेत्रीय ग्रामीण जनो की उपस्थिति रही।

### हनुमान जन्मोत्सव पर सूर्यकुण्ड धाम में ब्रह्ममुहूर्त में विशेष पूजन अर्चन

# संकट मोचन श्री हनुमान जी का मनाया जन्मोत्सव

*** कहीं रामधुन तो कहीं रामचरित मानस का हुआ पाठ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





जिले के सकवाह स्थित सूर्यकुण्ड धाम हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रृद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सुबह तडक़े ही हजारों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने जीवन में सुख-समृद्धि कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। चारों ओर जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। हनुमान जन्मोत्सव का शुभ क्षण प्रातः 3 बजकर 45 मिनट पर आया जिसे विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान के जन्मोत्सव के साक्षी बने। जैसे ही पूजा संपन्न हुई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास का माहौल और भी बढ़ गया। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि इस धाम की विशेषता यह है कि यहां विराजमान भगवान हनुमान अपने भक्तों को तीन स्वरूपों बाल, युवा और वृद्ध रूप में दर्शन देते हैं। यही विशेषता इस मंदिर को अन्य धामों से अलग बनाती है और भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है और कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। मंदिर के पुजारी मुरलीधर नंदा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का यह पर्व हर वर्ष इसी प्रकार भव्यता के साथ मनाया जाता है लेकिन इस बार श्रृद्धालुओं की संख्या पहले से अधिक रही। वहीं सेवादार शंकर सिंधिया और रितेश कछवाहा ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रृद्धालु पूनम सिंधिया ने बताया कि यहां आकर उन्हें अद्भुत शांति और आस्था का अनुभव होता है। हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सूर्यकुण्ड धाम क्षेत्र में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है जहां हर वर्ष भक्तों का सैलाब उमड़ता है और पूरा वातावरण भक्ति और उत्सव के रंग में रंग जाता है।



### भुआबिछिया क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में पूजन हवन रुद्राभिषेक आरती

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के सभी मंदिरों में हुआ पूजा पाठ हवन रुद्राभिषेक आरती प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पूरे नगर सहित आस पास ग्रामों में हनुमान जन्मोत्सव संपूर्ण हर्ष उल्लाह से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव आने के पूर्व से सभी हनुमान मंदिरों में समिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारिया प्रारंभ कर दी गई थी, जिसमें बिछिया से मंडला मार्ग नगर से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर हनुमान नाला में एक दिन पूर्व से रामधुन प्रारंभ हो चुका था ,आज प्रातः काल से ही हनुमान जी का पूजन हवन रुद्राभिषेक किया गया ओर प्रसाद वितरण किया गया, वही भुआ राम मंदिर परिसर में भी सुबह से पूजन हवन रुद्राभिषेक किया गया जहां दिन भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा बस स्टैंड दक्षिण्र मुखी हनुमान मंदिर में हवन पूजन रामरण पाठ प्रसाद वितरण किया गया श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर जनपद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वेयर हाउस हनुमान मंदिर में सुन्दरकांड एवं प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे पूजा पाठ शाम 5 बजे प्रसादी वितरण एवं रात्रि 9 बजे से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया वहीं श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सार्वजनिक बाल हनुमान समिति जंतिपुर के द्वारा एक दिन पूर्व 12:00 बजे से अखंड रामचरितमानस पाठ जिसका दूसरे दोपहर 12:00 समापन के पश्चात हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण किया गया, ओर शाम 5:00 बजे बाल हनुमान समिति जंतिपुर के द्वारा पूरे नगर में भगवान श्री राम के लीलाओं से वर्णित झांकी ओर हनुमान की झांकी के साथ विशाल शोभा यात्रा नगर भ्रमण एवं चलित महाप्रसाद वितरण किया गया , इस अवसर पर पूरे नगर में हनुमान जी के ओर जय श्री राम के जयघोष के साथ डीजे बैंड बाजे आतिशबाजी से पूरा नगर गूंज उठा हनुमान टेकरी 42 फिट ऊंची हनुमान जी मूर्ति डुंगरा में 5 दिवस पूर्व से भागवत पुराण कथा वाचिका पूज्य कृष्ण संगनी देवी वृंदावन द्वारा की जा रही है वहां आज हनुमान जयंती के अवसर पर महा आरती ओर प्रसाद वितरण किया गया, ब्लाक कालोनी शिव मंदिर ओर हनुमान मंदिर में शिव पुराण कथा चल रही वहां भी हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर रेस्ट हाउस हनुमान मंदिर पुलिस थाना हनुमान मंदिर सभी जगह बृहद साज सज्जा डेकोरेशन के साथ कार्यक्रम आयोजित कर हनुमान जन्मोत्सव संपूर्ण हर्ष उल्लाह से मनाया गया।

## महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित



**मण्डला।** 1 अप्रैल को जनपद पंचायत नारायणगंज में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना अंतर्गत महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला एवं जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी देने के साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी श्री संजीव मोहर ने बाल विवाह रोकथाम के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो दंडनीय अपराध है। उन्होंने इसके उल्लंघन पर जुर्माना एवं कारावास के प्रावधानों से अवगत कराया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए टिकाऊ खेती, पशुपालन एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ने की जानकारी दी। साथ ही कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित कानून, शिकायत प्रक्रिया एवं महिला सुरक्षा के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधिक सेवा प्राधिकरण की पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने जन लोक उपयोगी अदालत, हिट एंड रन योजना तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 15100 के उपयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं स्थानीय कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गोकुलधाम में हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**मण्डला।** गोकुलधाम कॉलोनी गार्डन स्थित हनुमान मंदिर में आज हमारे आराध्य हनुमान जी महाराज बब्बा जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मीडिया प्रभारी नवनीत साहू ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना लगा रहा। पूर्ण मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी का श्रृंगार, पूजन, हवन, महाआरती पंडित जी द्वारा कराया गया। अंत में कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ। शाम को महाआरती पश्चात फलाहारी केक काटकर हनुमान जी के जन्मोत्सव को लोगों ने यादगार बना दिया। सभी हनुमान भक्त श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बनार मैं डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का आगाज़



**नारायणगंज।** ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बनार (विकासखंड नारायणगंज) में 'गेमिंग स्टार डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विगत 23 वर्षों से से आयोजित की जा रही है खेल महाकुंभ में ग्राम पंचायत सरपंच सत्तीलाल सोयम सचिव राजेश मरावी कब विशेष योगदान है इस खेल महाकुंभ में क्षेत्र की प्रतिष्ठित टीमें दिल्ली सिवनी बालाघाट जबलपुर मंडला छिंदवाड़ा करेली नरसिंहपुर छतरपुर कहानी घंसौर कटनी शहडोल उमरिया डिंडोरीआदि सेअपनी खेल कुशलता का प्रदर्शन करेंगी। टूर्नामेंट की मुख्य विशेषताएंः प्रतियोगिता का नामः गेमिंग स्टार डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026, स्थानः खेल मैदान, ग्राम पंचायत बनार (नारायणगंज), दिनांकः 31 से 3 अप्रैल तक, समयः दोपहर समय से देर रात तक (डे-नाइट), इनाम और प्रोत्साहनः आयोजक समिति ने विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है प्रथम पुरस्कारः 15000 राशि एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कारः 7000 एवं ट्रॉफी। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजक समिति 'गेमिंग स्टार' और ग्राम पंचायत बनार के पदाधिकारियों ने बताया कि इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण दूधिया रोशनी (Floodlights) में होने वाले रोमांचक मुकाबले होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि सती लाल सोयम सरपंच बनार लीलावती मरावी कमल मरावी भगत कुसरे ओमकार पदाम राजेश मरावी महेंद्र हीरा मरावी होंगे। समिति ने समस्त खेल प्रेमियों और क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## कलेक्टर्स वीडियो कॉन्फ्रेंस 8 अप्रैल को, विभिन्न विभागों की प्रगति की होगी समीक्षा

**मण्डला।** 8 अप्रैल को आयोजित होने वाली कलेक्टर्स वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए एजेंडा जारी कर दिया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं के अनुपालन की समीक्षा की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, सीपीग्राम, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर चर्चा होगी। साथ ही लंबित विभागीय जांच, पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति मामलों की भी समीक्षा की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान 2026, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन की प्रगति पर फोकस रहेगा। कृषि एवं संबद्ध विभागों में फसल कार्यक्रम, पीएमएफएमई योजना, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग की समीक्षा की जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग में भूमि आवंटन से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा होगी, जबकि उद्योग विभाग में डीएलसीसी बैठक के लक्ष्यों की पूर्ति की स्थिति देखी जाएगी। स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, आयुष्मान भारत योजना तथा बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा होगी। वहीं जनजातीय कार्य विभाग में छात्रवृत्ति वितरण, लंबित भुगतान और निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी विचार किया जाएगा। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

**निरीक्षण** | मंत्री श्रीमती उइके ने ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण।

# मंत्री ने किसानों से किया सीधा संवाद

*** राहत कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





विकासखंड नैनपुर के विभिन्न ग्रामों में बुधवार रात्रि में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने तत्काल संज्ञान लेते हुए गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। ग्राम धतूरा में पहुंचकर किसानों से संवाद किया तथा नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया।

मंत्री श्रीमती उइके ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों द्वारा बताया गया कि ओलावृष्टि के कारण फसल पूरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इस पर मंत्री श्रीमती उइके ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों की समस्याओं का बिंदुवार संज्ञान लेते हुए वास्तविक नुकसान का आकलन सुनिश्चित करें। मंत्री के निर्देशानुसार राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को राहत प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री श्रीमती उइके ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित ग्रामों में शीघ्र ही किसान चौपाल का आयोजन किया जाए, जिसमें वे स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सीधे संवाद का मंच उपलब्ध कराना है।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य जोरावर सिंह, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर, तहसीलदार हरी सिंह धुर्वे सहित राजस्व विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित रहे।

# धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, याचिका के बाद आम आदमी पार्टी को मिली सफलता

*** जिला चिकित्सालय को मिले ईएनटी डॉक्टर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी से मरीज हलाकान चल रहे हैं। छोटे-छोटे उपचारों के लिए महानगरों की ओर मरीजों को जाना पड़ता है जिससे समय और धन दोनो का नुकसान होता है और लंबे समय से सभी विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग चल रही थी लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नही आए हैं वहीं आम आदमी पार्टी लगभग एक साल से इस विषय को लेकर ताकत से काम कर रही थी धरना प्रदर्शन ही नही आंदोलन भी कर चुकी है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को लेकर आखिरकार एक अहम उपलब्धि सामने आई है। कान नाक और गला (ईएनटी) विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति को आम आदमी पार्टी ने अपने लगातार संघर्ष और जनदबाव का परिणाम बताया है। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने इसे जनता की जीत करार देते हुए कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत आंदोलन और कानूनी प्रक्रिया के बाद संभव हो सकी है। जानकारी के अनुसार मंडला जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी ने वर्ष 2025 की शुरुआत से ही आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी थी। 28 फरवरी 2025 को पार्टी कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जिसमें अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति मांग की गई थी। इसके बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी ने 25 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कलेक्ट्रेट रोड पर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई। आंदोलन को और तेज करते हुए 28 अगस्त 2025 को पार्टी की तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल को मंडला आमंत्रित किया गया। उनके नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली गई जिसमें प्रशासन और सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। इसके बावजूद जब हालात में कोई सुधार नहीं हुआ तो पार्टी ने कानूनी रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। नवंबर 2025 में हाई कोर्ट के माध्यम से प्रशासन को नोटिस भेजा गया लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही। अंततः 7 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी द्वारा जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई। इस याचिका के बाद न्यायालय ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए। इसी बीच जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो गई जिसे आम आदमी पार्टी ने अपने संघर्ष की पहली बड़ी जीत बताया है। अब मंडला जिला अस्पताल में डॉ. सौम्या चौबे और डॉ. सरिता उईके को कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जमीन की बात को लेकर की मारपीट

**चीचली।** डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम छैनाकछा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत करते हुये बताया है कि जमीन की मेड में मैने बबूल के पेड़ लगाया था तो छुट्टू ने बाउन्डरी बनवाने के लिए मेड के झाड को कटवा दिया तो मैने बोला कि अपनी जमीन का नाप करा लो तब बाउन्डरी बाल बनाना और मैने मेड में एक लकडी का खूटा गडा दिया था। मगर नन्हेलाल कौरव ने मेरे द्वारा गडाया गया खूटा उखाड दिया था तो मैने नन्हेलाल से से कहा कि खूटा क्यों उखाडा दिया। इस दौरान सुनील कौरव और छुट्टू कौरव भी आ गये और तीनों ने एक राय होकर गंद गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### रास्ता रोककर तीन ने की मारपीट

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कैलच्छ निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया ह कि जब वह खेत जा रहा था उसी दौरान गांव के परषोत्तम अहिरवार, रामलाल अहिरवार, हल्के अहिरवार तीनों मिले और प्रार्थी का रास्ता रोकते हुये बोले की तूने 112 नंबर पुलिस गाड़ी हमारे लिये बुलवाया था इसी बात को लेकर तीनों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा बीच बचाव करने के लिये जब प्रार्थी की पत्नी आई तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत पर बनी टपरिया में आग लगा किया खाक

**सांईखेड़ा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम पिठवानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी लगभग डेढ़ एकड़ जमीन है जिस पर मेरा परिवार खेती किसानी करते है उक्त खेत हम लोगो ने सुमेर ठाकुर से लगभग 03 वर्ष पूर्व खरीदा था। खेत के नलकूप के पास घास पूस की टपरिया बनाकर रहता हूं। बीते हुये दिवस की बात है जब प्रार्थी घर खाना खाने चला गया था और खेत पर वापस आया तो हल्के नामक व्यक्ति को खेत मे बनी टपरिया के पास देखा और प्रार्थी को देखकर भागने लगा। वही खेत पर बनी हुई टपारिया से धुंआ निकल रहा था। जब प्रार्थी ने पास में जाकर देखा तो टपरिया जल चुकी थी तथा उसके अंदर पहने ओढने वाले कपडे तथा नलकूप मे लगा स्टार्ट सहित केविल करीबन 4 मीटर की जलकर नष्ट हो जाने के कारण काफी क्षति पहुंची है। वही प्रार्थी का आरोप है कि उसके खेत पर बनी हुई टपरिया में हल्के ठाकुर द्वारा की आग लगाई है।

### घर के सामने कचरा डालने की बात पर पति पत्नी को पीटा

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम झिरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपने घर मे खाना बना रही थी कि उसी समय घर के सामने गोविंद कुशवाहा एवं उसकी मां प्रेमबाई आये और मेरे पति पति बलवान लोधी से बोलने लगे कि मेरे घर के सामने गंदा कचरा क्यो डाला है। इसी बात पर से दोनो मेरे पति को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करना शुरू कर दिया। जब अपने पति के साथ मारपीट होते हुये देख पत्नी बीच बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### शादी समारोह के दौरान की मारपीट

**सांईखेड़ा।** गाडरवारा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह नर्मदा रिर्सोट एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आया हुआ था उसी दौरान सत्यमपुरी तथा शिव अभिषेख पुरी मिले जो पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पवनपुत्र हनुमान के जन्मोत्सव अवसर पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बल बीरा...के मधुर स्वर से गुंजयमान हुई शहर की गलियां













## अंजनी पुत्र के दर्शनों के लिये मंदिरों सहित सड़कों पर उमड़ा भारी जन सैलाब..... तो सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा भारी पुलिस बल

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** गुरूवार का दिन निश्चित ही हनुमान भक्तों के लिए विशेष रहा। क्योंकि भगवान विष्णुजी का प्रिय दिवस होने के साथ साथ इस दिवस हनुमान जन्मोत्सव व पूर्णिमा का पर्व होने के चलते बड़ा ही लाभकारी साबित होने से नही चूकता है। इस दिवस ईष्ट देव भगवान हनुमान की जन्मोत्सव होने के चलते यह दिन और विशेष हो जाने के कारण नगर की चारो दिशाओं में सिर्फ एक ही नारा गूंजते हुये दिखाई देने से नही चूका कि संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बल बीरा.., सहित घर घर भगवा छायेगा, देश में रामराज आवेगा.... सुनाई दे रहा था। इस प्रकार से भगवान श्रीराम के अनन्य सेवक व कलियुग में सर्वव्यापी, अमर देवता भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव कल गुरूवार को विशेष नक्षत्र में होने के चलते शहर सहित क्षेत्र के गांवों में बडे ही हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। इस प्रकार पवन पुत्र के जन्मोत्सव पावन अवसर पर नगर केशरिया ध्वज व झंडियों से सजा हुआ था। वही सुबह से ही लोग हनुमान जी का जयघोष करते हुए शहर को पूरी तरह धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थे। इस तरह अंजनी पुत्र के जन्मोत्सव को लेकर जिस तरह नगर भारतीय युवादल द्वारा शहर के दुकानदार व व्यापारियों से मात्र छोटी सी प्रार्थना करते हुये कहा गया था कि वह शाम 4 बजे से कुछ घंटों के लिये अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुये सहयोग प्रदान करे। मगर देखा गया कि अनेक दुकानदारों ने तो पूरे ही दिन अपनी दुकाने बंद रखते हुये हनुमान जी की भक्ति में लीन नजर आये। क्योंकि पवनपुत्र के प्रति लोगों की आस्था इस बात का संदेश देते हुये दिखाई पड़ रही थी कि लोगों ने श्रद्धा के साथ अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुये दादा की भक्ति में लीन दिखाई दिये। वही हनुमान जन्मोत्सव की मंगलमय बेला में पवन पुत्र हनुमान जी के भक्त प्रातः बजरंग बली का गुणगान करते दिखाई पड़ रही थी। वही नगर के सभी मंदिरों पर अनेक प्रकार के आयोजन प्रसादी वितरण के आलवा भंडारे के आयोजन दिन भर चलते हुये देखे गये। वही शाम 4 बजे स भारतीय युवा दल के तत्वाधान में ढोल ढमाकों के साथ हनुमान जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वह इस वर्ष अनोखे रूप में देखने मिली है। इस शोभा यात्रा में सबसे पहले सृष्टि के प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को स्थापित किया गया था उसके बाद अनेक सुसज्जित रथों पर अनेक देवी देवाताओं की मूर्मि स्थापित होने के साथ साथ संत मुनी भी सम्मान के साथ रथों पर विराजमान किये गये थें। वही दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान रथों पर सबार जहां संत लोग लोगों को आर्शीवाद प्रदान करते हुये चल रहे थें। इस तरह अंजनी पुत्र हनुमान लला की शोभा यात्रा में जहां शहर की सड़को पर भीड़ नही समा नही रही थी तो दूसरी सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल जुलूस के साथ चल रहा था। बताया जाता है कि स्थानीय थाने की पुलिस के आलवा आसपास के पुलिस थानों सहित जिला मुख्यालय से भी भारी पुलिस आया हुआ था।



वही शोभा यात्रा में नगर सहित बाहर से आये हुये अखाड़े के कलाकार व्यायाम प्रदर्शन करते हुये इस विशाल जुलूस को अनोखी छटा बिखरने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस तरह भगवा वस्त्रों से सजी हुई महिला शक्ति भगवान श्रीराम व हनुमान जी की लगातार जयकार करते हुए वातावरण में अयोध्या नगरी की झलका निर्मित करते हुये प्रीतत हो रही थी। वही दूसरी ओर जुलूस के बीच में जिस प्रकार से सभी बेदों से सजी हुई झांकी व महिला शक्ति अपने हाथों में तलवार लेकर चल रही थी उसके चलते नारी शक्ति का संजीव प्रदर्शन दिखाई पड़ रहा था। इस प्रकार से नगर में निकाली गई हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा में पवनपुत्र हनुमान जी की विभिन्न लेटे हुई मुद्राओं में तैयार की गई झांकी आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। इस प्रकार से निकाले गये इस विशाल जुलूस में अन्य झांकिया जिस प्रकार से आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। नगर में निकाले गये लगभग 2 किलो मीटर लम्बाई के इस जुलूस में जमकर नृत्य करते हुए हनुमानजी के भक्त उनकी कीर्ति वंदना करते हुए चल रहे थें। इस शोभायात्रा को नगर में अनेक जगहों पर बजरंग बली की पूजन करते हुए जुलूस में शामिल हजारों भक्तों का स्वागत किया गया। इस स्वागत की बेला में अनेक समाज सेवी संगठनों द्वारा मुख्य मार्गो पर अपने स्टाल लगाते हुये, ठंडा, ककड़ी, आईस्क्रीम सहित अन्य प्रकार की प्रसाद वितरण करते हुये जुलूस में शामिल हनुमान भक्तों को गर्मी से राहत देखने मिली। इस प्रकार से अतुलित बल के धाम अंजनी पुत्र हनुमान की शोभायात्रा नगर के प्रसिद्व व वर्षो पुराने खब्बर वाले हनुमान मंदिर से शुरू होकर पुरानी गल्ला मंडी, झंडाचौक, चौकी मुहल्ला से निकलते हुये चांवडी मार्ग, महावीर भवन से होते हुये श्याम टाकीज मार्ग से सब्जी मंडी, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी पहुंची जहां पर अनेक लोगों द्वारा यहां पर हनुमान जी की पूजन करते हुए प्रसादी वितरण करते हुये शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस प्रकार से शोभा यात्रा के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा स्वच्छता के प्रति अनोखा संदेश दिया गया। क्योंकि जुलूस के दौरान जहां तहां हुये स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर पन्नी पाऊच सहित अन्य सामग्री बिखर गई थी। मगर शोभायात्रा के ठीक पीछे चल रही नगर पालिका परिषद की स्वच्छता संदेश देने वाली टीम द्वारा मुख्य मार्ग की तुरंत सफाई करते हुये बिखरे हुये कचरे को अपनी गाड़ियों में डालते हुये मार्ग को साफ सुधरा बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई। इस प्रकार से नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग स्थिति संकट मोचन हनुमान मंदिर, बजरंग बाटिका स्थित हनुमान मंदिर, पानी टंकी के पास स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर के लगभग सभी मंदिरों पर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के आलवा प्रसादी वितरण हुई। इसी प्रकार से नगर के छीपा तिरहा के पास स्थित हनुमान मंदिर पर समाज सेवी चौधरी हरिओम के द्वारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ग्रहण करते हुये हनुमान जी के दर्शन किये। इसी प्रकार से क्षेत्र के चीचली, सालीचौका, सांईखेड़ा, पलोहा, कौड़िया, रिछावर, खुलरी, सिहोरा, कल्याणपुर, बारहाबड़ा में भी हनुमान जयंती के मौके पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हुये बड़ी ही धूमधाम के साथ हनुमान जयंती मनाई गई।

## बेलगाम गति से दौड़ रहा हाईवा डंपर रास्ता छोड़ घुसा घर के अंदर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह हाईवा डम्फर तांडव मचाते हुये देखे जा रहे है यह सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। कभी कभी तो स्थिति इस तरह से देखने मिलती है कि इन डम्फरों के चालक दिन के समय शराब के नशे में मस्त होकर जिस गति से अपने वाहनों को दौड़ाते हुये नजर आते है उससे यह प्रतीत होने से नही चूकता है कि मानों इनके लिये आम लोगों की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया है..? इस तरह बेलगाम गति से दौड़ने वाले डम्फरों पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कामती में जब तेज गति से भागते हुये जा रहा डम्फर हाईवा घर में घुस जाने के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई तो मासूम बच्ची सहित परिवार के अन्य लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरूवार को जहां संपूर्ण क्षेत्र के लोग हनुमान जयंती के चलते पूर्णरूप से शहरों से लेकर गांव गांव की छटा धर्ममय होते हुये देखी जा रही थी। इसी बीच ग्राम कामती निवासी भोजराज कौरव भी अपने घर के अंदर परिवार के बीच हनुमान जयंती की खुशी मना रहा था। मगर दोपहर के समय जब एक गाडवारा से सांईखेड़ा की ओर तेज गति से भागते हुये जा रहा डम्फर सड़क छोड़ते हुये भोजराज कौरव के घर में इस तरह घुसा की उसने दिवार तोड़ डाली। इस घटना के चलते घर के अंदर बैठे हुये भोजराज पिता स्व ओकार कौरव उम्र लगभग 48 साल की जहां घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही दूसरी ओर उनके पास बैठी हुई मासूम बेटी आयुशी उम्र 9 वर्ष सहित बडे भाई रघुवीर कौरव घायल हो गये। वही मासूम बच्ची की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस तरह घटना हुई घटना के ग्राम कामती में आक्रोश का महौल निर्मित हो गया। वही ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुये चकाजाम करने की तैयारी की जाने लगी थी। मगर घटना की सूचना मिलते ही जहां अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे सहित उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर तथा नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान मौके पर पहुंचे। एसडीएम द्वारा पीड़ित पक्ष को कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुये हर संभव मदद करने की बात कही गई जिसके चलते लोगों का आक्रोश समाप्त हुआ। वही मृतक भोजराज के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर पुलिस द्वारा मामले को जांच में लिया गया। वही घायम मासूम आयुशी सिहत रघुवीर को उपचार हेतु भेजा गया। जहां पर मासूम की स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय के लिये रेफर किया गया है। वही पुलिस ने मौके से हाईवा डम्फर को जप्त कर लिया गया है।

## खेत में काम कर रहे माँ सहित पुत्र पर जंगली सुअर ने बोला हमला, हालत गंभीर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जंगली क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शोरगोल व जल स्रोत सूखने का परिणाम है कि जब जंगली जानवर गांव की ओर रूख करने से नही चूक रहे है। इस स्थिति में देखने मिल रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों पर काम करने वाले मजदूरों सहित कृषकों के ऊपर यह जंगली जानवर हमला बोलते हुये उनकी जिन्दगी को खतरे में डालने से पीछे नही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम आंडेगांव कला में उसी समय देखने मिली जब माँ व बेटा खेत में काम कर रहे थें उसी दौरान जंगली सुअर द्वारा अचानक दोनों पर हमला बोलते हुये गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम आंडेगांव कला निवासी मुन्नी बाई उम्र लगभग 55 साल अपने बेटे महेंन्द्र कुमार 30 साल के साथ गांव के पास खेत पर काम करने के लिये गई हुई थी। इसी बीच अचानक आये हुये एक खूंखार जंगली सुअर द्वारा माँ बेटे पर हमला बोलते हुये दोनों को घायल कर दिया गया। इस तरह जंगली सुअर के हमले से घायल माँ व बेटे को आसपास के खेतों वाले लोगों ने परिजनों को सूचना दी गई और दोनों घायलों को उपचार के लिये शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा ले जाया गया।

## पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये गुरूवार यानि की चैत्र पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है । वही निश्चित तौर से बड़ा अनोखा है। क्योंकि चेत्र पूर्णिमा के साथ साथ भगवान हनुमानजी की जन्मोत्सव व गुरूवार का दिन यानि की लोग इस त्रिवेणी संगम में गोता लगाने के लिये इस तरह आतुर होते हुये देखे गये की माँ नर्मदाजी के पावन तट जयकारों से सुबह 4 बजे से ही गूंजने लगे थे। वही माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई। इस तरह रात के समय पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें। इस तरह शहर के बीचों बीच से निकल रहे माँ के भक्तों को पानी टंकी के पास मनोज पटैल की टीम द्वारा तो आमगांव नाका पर समाजसेवी सुनील राजपूत द्वारा चाय नास्ता के साथ सभी पैदल जा रहे भक्तों का स्वागत किया गया। इस संबंध में से पैदल जा रहे माँ नर्मदा भक्त महिला ने चर्चा करते हुये बताया कि वह हर पूर्णिमा को पैदल चलकर नर्मदाजी के स्नान करने के लिये जाती है। इस तरह हम अपने घर से दोपहर दो बजे के लगभग पैदल निकलते है और शाम 7-8 बजे गाडरवारा पहुंच जाते है और रात भर पैदल चलते हुये सुबह 5 बजे माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पहुंचकर स्नान करते हुये पूजन अर्चन करते है। हमे कभी भी न तो कोई थकान होती है और न ही कोई परेशानी। इसी प्रकार से ग्राम चारगांव निवासी एक 14 वार्षिय बालिका का कहना था कि हम अपने माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों के साथ माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाते है और इस तरह पूर्णिमा के मौके पर अनेको बार जा चुके है। मगर कभी कोई परेशानी नही हुई है। इस तरह बीते हुये की रात नगर की सड़को पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों के जत्थें रात भर निकलते हुये देखे गये तो दूसरी ओर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। इस तरह चैत्र पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इसी तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक जगहों पर भगवान सत्य नारायण जी की कथा संपन्न कराई गई तो अनेक लोगों द्वारा भंडारे के आयोजन भी किये गये। इस प्रकार हर पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ की लाईने लगी रहती है। मगर इन भक्तों को उस दौरान परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है कि भीड़ के बीच से रात रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी मजी रहती है। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटों को पहुंचने वाले मार्गो पर एक रात के लिये इस तरह भारी वाहनो की धमाचौकड़ी पर प्रतिबंध के लिये लगातार भक्तों द्वारा मांग उठाई जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से नर्मदा भक्तों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि गाडरवारा के आलवा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी, गोटीटोरिया, सिंहपुर, बारहाबड़ा, महगंवा सहित अन्य गांवों से पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों को देखा जाा है कि वह अपनी थकान मिटाने के लिये मुख्य रास्ते पर ही बैठ जाते है और बैठे बैठे बच्चों को नींद आने की स्थिति में वह चंद मिनिटों के लिये रास्तों पर ही सो जाते है। इस स्थिति में पूर्णिमा की रात इन भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी किसी दिन इन माँ नर्मदाजी के भक्तों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक पायेगी?

## जहां तहां शासकीय हैंड पंप में मोटर डालकर निजी लोगों द्वारा कर लिया कब्जा, पानी के लिये भटक रहे ग्रामीणजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय देखने मिल रहा है कि जहां अनेक गांवों में बिजली की अघोषित हो रहे कटौती के चलत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी को लेकर भटकने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में शासन द्वारा लगाये गये हेण्ड पंपों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनका जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण वह पानी की जगह हवा उगलते हुये देखे जा रहा है। वही दूसरी ओर जहां पर हेण्ड पंप सही सलामत है तो वहां पर गांव के ही प्रभावशालियों द्वारा इन शासकीय हेण्ड पंपों में अपनी निजी मोटर डालते हुये उन पर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है, जिसके चलते इन प्रभावशालियों द्वारा शासकीय हेड पंपों में डाली गई मोटरों के चलते जहां वह अपने निजी कामों में उपयोग करते हुये अपने घर के वाडो में सब्जी पैदा करते हुये देखे जा रहे है? मगर आम गरीब ग्रामीणजन दो दो बूंद पानी के लिये भटकने के लिये मजबूर होने से नही चूक पा रहे है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर आये दिन प्रशासन को अवगत कराये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शासकीय हेंड पंपों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले लगातार बुलंद होने से नही चूक पाते है जिसके चलते क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी जहां तहां शासकीय हेंड पंपों में निजी मोटर डली हुई आसानी से देखी जा सकती है। यदि इस सच्चाई कुछ ज्यादा ही उजागर होने लगती है तो संबंधित विभाग द्वारा इन प्रभावशालियों को संरक्षण देते हुये उनके द्वारा डाली गई इस प्रकार से नियम विरूद्व मोटरों पर गांव वालों की सहमति का प्रमाण पत्र का पंचनामा बनबाते हुये कार्यवाही को इतिश्री कर दिया जाता है..? जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिये पीने के पानी को लेकर भटकने के लिये मजबूर होना पड़ जाता है। जबकि नियम अनुसार तो कार्यवाही इस प्रकार से होना चाहिये की किसी भी शासकीय संपत्ति का इस प्रकार से उसके साथ छेड़खानी करने वालों पर सख्त कार्यवाही होना जरूरी होना चाहिये, मगर विभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते अनेक गांवों में प्रभावशालियों का आम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिये शासन की राशि से लगाये गये हेड पंपों पर कब्जा देखने मिल रहा है?

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

**खबर संक्षेप**

### हनुमान जन्मोत्सव पर श्रृद्धालु भक्तों द्वारा निकाली विशाल वाहन रैली



**अमरपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के सुअवसर पर अमरपुर विकासखंड मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय हनुमंत सेवा समितिए बजरंग दलए विश्व हिंदू परिषद एवं श्रृद्धालु भक्तजनों द्वारा के चांदपुरए बरसिंघा और नांदा माल व अलोनी गांव से भव्य दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। जोकि अमरपुर मुख्यालय से विशाल रैली में पिकअप वाहनों सहित दोपहिया वाहनों पर झंडे.बैनर सजाएं गए। श्रृद्धालुजन डीजे की धुन पर युवा नाचते.गाते हुए श्जय श्री रामश के जयकारे से वातावरण पूरी तरह गुंजायमान रही। विशाल वाहन रैली अमरपुर से भाखाए देवरीए चौरा होते हुए लगभग 15 किलोमीटर समनापुर पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। जुलूस को देखने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने घरों से बाहर निकल आए। पूरे क्षेत्र में भक्तिए उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। विशाल रैली ने धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

### देवगांव पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण में गड़बड़ी, अधूरे काम का पूरा भुगतान



**शहपुरा।** प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार जहां करोड़ों रुपये खर्च कर रही है वहीं जमीनी स्तर पर अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव के पोषक ग्राम डोमदादर में सामुदायिक शौचालय निर्माण को लेकर गंभीर वित्तीय गड़बड़ी उजागर हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार डोमदादर में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए लगभग 3 लाख 43 हजार रुपये स्वीकृत किए गए थे। इसमें स्वच्छ भारत मिशन से 2 लाख 10 हजार रुपये 15वें वित्त आयोग मद से 90 हजार रुपये तथा शेष राशि मनरेगा के तहत प्रदान की गई थी। आरोप है कि तत्कालीन सरपंच एवं वर्तमान सचिव बलराम सिंह सैयाम द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किए बिना ही कागजों में कार्य पूर्ण दर्शाकर पूरी राशि आहरित कर ली गई।ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर शौचालय भवन अब भी अधूरा पड़ा है जिससे योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मामले में विभागीय स्तर पर भी लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं क्योंकि बिना भौतिक सत्यापन के भुगतान किया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है।इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी उजागर, 34 हितग्राहियों को नोटिस



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ;एएचपी घटकद्ध के तहत नगर परिषद डिंडौरी में आवंटित आवासों में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर 34 हितग्राहियों को नोटिस जारी किए गए हैं।जांच समिति में नायब तहसीलदार शाहपुर शशांक शेडेए उपयंत्री यशवंत मशराम और राजस्व निरीक्षक हेमंत उइके शामिल थे। समिति द्वारा किए गए सत्यापन में पाया गया कि कुल 83 आवंटित आवासों में से 8 हितग्राही स्वयं निवास नहीं कर रहे हैं और उन्होंने अपने मकान किराए पर दे रखे हैं। वहींए 26 आवास लंबे समय से खाली या बंद पाए गए।

जांच में सामने आया कि संबंधित हितग्राहियों को आवास की वास्तविक आवश्यकता नहीं है और योजना का दुरुपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर इन 34 हितग्राहियों की पात्रता समाप्त करने और आवंटित राशि की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।संबंधित हितग्राहियों को नोटिस जारी कर 6 अप्रैल 2026 को शाम 4 बजे तक कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण, प्रशासन की सख्त कार्रवाई



**डिंडौरी।** जिले के ग्राम करौंदी मॉल में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा की गई।जानकारी के अनुसारए ग्राम करौंदी मॉल में जगदीश पिता बनावल सहित अन्य लोगों ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया था। इस भूमि पर एनएच.45 के अंतर्गत सागर टोला से कबीरचबूतरा तक सड़क निर्माण प्रस्तावित हैए जिसके चलते अतिक्रमण हटाना आवश्यक था।

प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्तियों को पहले दो बार नोटिस देकर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही 25 मार्च 2026 को ग्रामवासियोंए राजस्व अधिकारियों और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय भी दिया गया था।निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर 2 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाया। इस दौरान नायब तहसीलदार करंजिया श्री आशुतोष मिश्रए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारीए राजस्व निरीक्षकए पटवारी एवं कोटवार मौजूद रहे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जनगणना 2027 की तैयारी तेजए डिंडौरी में फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू



**डिंडौरी।**आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिले में फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को तकनीकी और व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना हैए ताकि वे अपने.अपने क्षेत्रों में गणनाकारों और पर्यवेक्षकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें। इस दौरान जनगणना के पहले चरण में होने वाले मकान सूचीकरणए परिवार पंजीयन और डेटा संकलन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया जा रहा है।

कार्यक्रम में डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रतिभागियों को मोबाइल एप संचालनए ऑनलाइन डेटा एंट्री और आधुनिक तकनीकी माध्यमों के जरिए सटीक जानकारी एकत्र करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण में प्रेजेंटेशनए व्यवहारिक अभ्यास और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जा रहा हैए जिससे वे कार्य को बेहतर ढंग से समझ सकें।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को गंभीरता पारदर्शिता और सटीकता के साथ पूरा करेंए ताकि जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहे।इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारीए विभिन्न विभागों के कर्मचारी और नामित फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियानर, नर्मदा हनुमान घाट पर चला स्वच्छता व जागरूकता अभियान



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकासखंड डिंडौरी के अंतर्गत नवांकुर संस्था जनजीवन कल्याण समिति बिछिया द्वारा मडियारास स्थित नर्मदा नदी के हनुमान घाट पर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों और युवाओं ने घाट परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्लास्टिक कचरे और अन्य प्रदूषणकारी सामग्री को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नर्मदा नदी की पवित्रता बनाए रखना और जल प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।

सफाई के बाद उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली। उन्होंने जल स्त्रोतों के संरक्षणए नदियों की स्वच्छता और जल के संतुलित उपयोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूतए समिति के सचिव अरुण कुमार चंदेल सहित अन्य पदाधिकारीए मेंटर्सए इंटर्न एवं ग्राम विकास समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जन अभियान परिषद द्वारा नदियों की स्वच्छताए जल संसाधनों के संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम नर्मदा नदी के संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और जनसहभागिता का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में डिंडौरी प्रदेश में दूसरे स्थान पर कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**डिंडौरी।**जनपद पंचायत डिंडौरी के सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में चल रहे हितग्राही मूलक और सामुदायिक कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांशु चौधरी परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री प्रदीप कुमार शुक्ला जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रमोद कुमार औझा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि वर्तमान में 47 प्रतिशत आवास पूर्ण हैं जिन्हें अगले दो माह में 80 प्रतिशत तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आवास पूर्ण होने से पहले हितग्राहियों को 95 मानव दिवस का मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए और सभी कार्यों की प्रविष्टि पोर्टल पर समय पर की जाए। लापरवाही बरतने वाले ग्राम रोजगार सहायक और सचिवों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान की रैंकिंग में डिंडौरी जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है और इसे प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी अधूरे कार्यों को समय सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि खेत तालाब सहित सभी लंबित कार्य 15 मई तक और अन्य कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण किए जाएं।बैठक में जल संरक्षण को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में सार्वजनिक प्याऊ लगाए जाएं और नल जल योजना के तहत पाइप लाइनों में टोंटी लगाकर पानी की बचत सुनिश्चित की जाए। विद्यालय आंगनवाड़ी और पंचायत भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने सभी पंचायतों में जल चौपाल आयोजित करने और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। 04 अप्रैल को जल संरक्षण संदेश के साथ प्रभात फेरी निकालने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सभी गतिविधियों की जियोटैग फोटो पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया।कलेक्टर ने लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए कुछ ग्राम पंचायतों के सचिवों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और आईगॉट पोर्टल पर पंजीयन कर प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश दिए गए।



## साधना सप्ताह के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**डिंडौरी।** जिले में साधना.सप्ताह के अंतर्गत ष्.ळव्ज् प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध रामबाबू देवांगन के निर्देशन में यह प्रशिक्षण तहसील सभागार बजाग में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्वए शिक्षाए पंचायत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारीए तकनीकी कर्मचारी तथा अन्य शासकीय सेवक शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ.साथ ष्.ळव्ज् प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्षमता संवर्धन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।इसके अलावा करंजिया क्षेत्र के शासकीय सेवक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण से जुड़े रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवकों की कार्यकुशलता बढ़ाना और सेवा प्रदायगी को अधिक प्रभावी बनाना है।

## बाल विवाह उन्मूलन हेतु मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता अभियान आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में जिले में संचालित मिशन शक्ति ;हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेनद्ध अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर डिंडोरी द्वारा बाल विवाह उन्मूलन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम विकासखंड अमरपुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालयए ग्राम जलेगांव में आयोजित हुआए जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओंए बालिकाओंए महिलाओंए बालकों एवं पुरुषों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित ष्संबलष एवं ष्सामर्थ्यष योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति हैए जो बच्चों के स्वास्थ्यए शिक्षा एवं भविष्य को प्रभावित करती है तथा यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने उपस्थितजनों को महिला हेल्पलाइन नंबर 181ए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर 7828195167 की जानकारी देते हुए आपात स्थिति में इन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने तथा इसके उन्मूलन के लिए समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती स्मिता चौरसिया एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

## समय.सीमा में कार्य पूर्ण कराने हेतु भारत सरकार की एडवाइजरी जारी

**डिंडौरी।** भारत सरकारए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को समय.सीमा में पूर्ण कराने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय द्वारा 30 जून 2026 तक सभी कार्य पूर्ण कराकर नरेगा पोर्टल पर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अपलोड करने की समय.सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने बताया कि 24 फरवरी 2026 को जारी निर्देशों के अनुसार जिले में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया हैए जिसमें कलेक्टर अध्यक्षए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा वनमंडलाधिकारीए उपसंचालक उद्यानिकीए लेखाधिकारी जिला पंचायतए कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं संबंधित अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति द्वारा ग्राम सभा अनुमोदनए जनपद स्तरीय निरीक्षण एवं अनुशंसा के आधार पर कार्यों को क्लोज करने हेतु सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**100 प्रतिशत निरीक्षण एवं दस्तावेजीकरण अनिवार्य**

निर्देशानुसारए कार्यों को बंद करने से पूर्व 100 प्रतिशत स्थल निरीक्षणए ग्राम सभा अनुमोदनए पंचनामा एवं जियो.टैग छायाचित्रों सहित संपूर्ण दस्तावेजीकरण अनिवार्य किया गया है। सभी प्रस्तावों को डीपीसी एडमिन लॉगिन के माध्यम से एमआईएस में अपलोड कर राज्य स्तर से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।बिना भुगतान वाले बिल एवं मस्टर रोल हटाए जाएंगे पूर्व वर्षों के लंबित बिलए मस्टर रोल एवं अपूर्ण ट्रांजेक्शन जिनका भुगतान नहीं किया जाना हैए उन्हें श्छवज जव इम चंपकश श्रेणी में दर्ज कर हटाया जाएगा। साथ ही लंबित एफटीओ एवं रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को भी नियमानुसार निरस्त किया जाएगा।

**वसूली एवं जवाबदेही तय होगी**

अव्यवहार्य या अनुपयोगी कार्यों पर हुए व्यय की जवाबदेही तय कर संबंधित अधिकारियोंध् एजेंसियों से वसूली की जाएगी। लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने हेतु प्लानर सॉफ्टवेयर में ग्राम पंचायतवार कार्ययोजना तैयार की जाएगीए जिसमें कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति का विश्लेषण कर माहवार प्रगति दर्ज की जाएगी। जनपद एवं जिला स्तर पर परीक्षण के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी एवं परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि कार्यों को व्यय के आधार पर तीन श्रेणियों ;शून्य व्ययए 30 प्रतिशत तक व्यय एवं 30 प्रतिशत से अधिक व्ययद्ध में वर्गीकृत कर उनकी व्यवहार्यता के अनुसार पूर्ण या क्लोज किया जाएगा। सभी कार्यों का भौतिक सत्यापनए जियो.टैग फोटो एवं साक्ष्य सहित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

## गाड़ासरई में शुक्रवार से श्रीमद्भागवत संगीतमय कथा आरंभ




**गाड़ासरई** -गाड़ासरई नगर के पुरानी बस्ती शिव मुहल्ले में शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है । गाड़ासरई के ही सोनी परिवार द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है शुक्रवार को सुबह शिव मुहल्ले से कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें पूरे ग्राम भृमण कराया जाएगा वही शनिवार को सुकदेव चरित्र ,भीष्म स्तुति, रविवार को कपिल उपाख्यान, धुव्र चरित्र अजामिल उपाख्यान, सोमवार प्रहलाद चरित्र वामन चरित्र राम चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, मंगलवार पूतना उद्धार, माखन चोरी गोवर्धन पूजन बुधवार रासलीला कंस वध कृष्ण रुक्मणी मंगल विवाह, गुरुवार सुदामा चरित्र, परिछित मोक्ष, फूलो की होली ,भागवत चढ़ोत्तरी कथा प्रवक्ता आचार्य तरुण कृष्ण शास्त्री व्रन्दावन से शिक्षा दीक्षा प्राप्त के द्वारा कही जाएगी । कथा का मूल पाठ सुबह 8 बजे और संगीतमय कथा दोपहर 02.30 से शाम तक रखी गई हैं, शुक्रवार को हवन पूर्णआहुति के बाद कन्या भोज के साथ विशाल भण्डारा किया जाना है ।

## गाड़ासरई माँ कर्मा साहू समाज सेवा समिति ने की मदद 51 हजार की राहत राशि की भेंट



**गाड़ासरई** - बरगांव पंचायत अंतर्गत 27 मार्च को गाड़ासरई बरगांव निवासी महादेव साहू के घर मे अचानक आग लग जाने से दुकान के साथ पूरी घर गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया जिस कारण महादेव के सामने जीवनयापन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई । महादेव प्लंबर का काम करके जैसे तैसे अपने परिवार का गुजारा कर रहा था। वही उसकी 2 छोटी बच्ची भी है जिसको लेकर महादेव बहुत ही चिंतित होने लगा, वही घटना की जानकारी लगते ही गाड़ासरई के साहू समाज के युवाओं ने महादेव की मदद करने को आगे आए और माँ कर्मा देवी सेवा समिति के सदस्यों ने मिलकर पीड़ति महादेव साहू के परिवार को 51101 की राहत राशि हनुमान जयन्ती के शुभ अवसर पर प्रदान की राहत राशि पाकर महादेव साहू के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली और महादेव ने गाड़ासरई माँ कर्मा देवी साहू समाज समिति का आभार प्रकट किया ।



## नवनिर्मित हनुमान मन्दिर में लोगों ने किया हवन यज्ञ हुआ विशाल भण्डारा

**गाड़ासरई** -जबलपुर अमरकंटक के सागरटोला के पास मोड़ पर गाड़ासरई के जवाहर साहू परिवार के द्वारा हनुमान मन्दिर का निर्माण कराया गया है वही गुरुवार को हनुमान जयन्ती के पावन पर्व पर हवन यज्ञ किया गया। साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन रखा गया, जिसमे आसपास के लोगो ने पहुचकर धर्मलाभ लिया।हनुमान जयन्ती में जगह जगह हुआ हवन यज्ञ मन्दिरों के साथ स्थानीय लोगों ने रखा भण्डारा गुरवार को हनुमान जंयती के अवसर पर गाड़ासरई के गन्नागूढ़ा के हनुमान मन्दिर, लालचौक व पुरानी बस्ती, बजरंग मोहल्ला स्थित बजरंग मंदिर में सुबह से ही हवन यज्ञ किया गया ।वीर हनुमान की महाआरती हुई जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए व सभी जगह भण्डारे का आयोजन किया गया साथ ही स्थानीय लोगो ने भी अपनी दुकान और घरों के सामने भण्डारा कराया गया । शाम को गाड़ासरई के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा हनुमानजी की विशाल शोभयात्रा निकाली गई, और जय बजंरगी और रामलला के जयकारों से नगर गूंज उठा।

## खबर संक्षेप

### विंध्यवासिनी मायनिंग कंपनी ने किया 150 यूनिट रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले मे कार्यर्त विंध्यवासिनी मायनिंग वर्क एल.एल.पी. कंपनी ने जनहित मे सराहनीय कार्य किया है। सिविल अस्पताल गाडरवारा में मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कंपनी द्वारा 150 यूनिट रक्त दान शिविर के माध्यम से ब्लड स्टोरेज यूनिट में ब्लड उपलब्ध कराया। इस दान हेतु प्रभारी मेडीकल आफिसर ब्लड स्टोरेज युनिद्ध सिविल अस्पताल गाडरवारा एवं प्रभारी अधीक्षक सिविल अस्पताल गाडरवारा ने विंध्यवासिनी मायनिंग कंपनी को आभार प्रकट किया है ज्ञात हो कि हमेशा से जनहितैषी कार्यो मे अग्रणी रहने वाली कंपनी है।

### शराब दुकान खोलने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के नए बस स्टैंड पर प्रस्तावित शराब दुकान का गुरुवार को स्थानीय लोगों, दुकानदारों, छात्र-छात्राओं और महिलाओं ने विरोध किया। सभी वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर एएसपी संदीप भूरिया और डिप्टी कलेक्टर शानू चैधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे छात्र-छात्राओं ने बताया कि बस स्टैंड के आसपास शासकीय पॉलिटेक्निक, आईटीआई कॉलेज और सांदीपनी स्कूल स्थित हैं। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है। विशेष रूप से छात्राओं ने इस मार्ग से गुजरने में असहजता व्यक्त की है। छात्रों ने यह भी जानकारी दी कि हाल ही में नशे में धुत युवकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई थी। इस मामले में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। वहीं, व्यापारियों ने आशंका जताई कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में विवाद और अव्यवस्था की आशंका है। ज्ञापन की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

### मोहिनी अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर कक्षा एकादश वाणिज्य संकाय की छात्रा मोहिनी कुशवाहा ने तरुण वर्ग सत्र 2025 - 26 में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश एवं महाकौशल प्रांत को गौरवान्वित किया है अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा 505 रुपए राशि एवं प्रशस्ति पत्र भेजा गया है समाजसेविका श्रीमती प्रवीणा गोस्वामी, श्रीमती भारती कौरव, व्यवस्थापक माननीय धर्मेंद्र सिंह ममार, संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेंद्र पटेल ,आचार्य परिवार एवं अभिभावक गण की उपस्थिति में 505 रुपए राशि सद्साहित्य, प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन संस्था प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर हुए विविध आयोजन

# को नहीं जानत है जग में कपि संकटमोचन नाम तिहारो......







### संकट मोचन के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गुरूवार को सम्पूर्ण जिले संकट मोचन हनुमान जी महाराज का प्रकटोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर नगर के सभी मंदिरों सुबह से ही भीड़ अनवरत बनी तथा भक्तों द्वारा विविध आयोजन किये गये। भक्तों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्पन्न हुए। विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा के दौरान करतब दिखाए गए। वही सभी मंदिरों मे सुबह से ही पूजा पाठ का सिलसिला जारी हुआ जो देर रात तक अनवरत जारी रहा। भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सभी मंदिरों मे विशेष पूजन कराया गया।

### दिन भर चला पूजा पाठ

अंजनी पुत्र, वीर बजरंगी, भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव नगर व आसपास के क्षेत्रों में आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः से ही धार्मिक स्थलों और श्री हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों में भगवान के दर्शन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, चोलावंदन, अभिषेक, आरती, हवन पूजन के साथ दिन भर भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर भगवान का गुणानुवाद किया। मंदिरों में जन्मोत्सव पर श्री हनुमान जी महाराज के जयकारों की अनुगूंज दिन भर सुनाई दी वहीं नगर में इस अवसर पर जुलूस भी निकाला गया। जुलूस का स्वागत जगह-जगह पर किया गया जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह और हनुमान जी महाराज के जय के नारों का उद्घोष वातावरण में श्रद्धालुओं को अतिरेक उत्साह दे रहा था जिससे वातावरण और धर्ममय हो गया। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।







### हनुमान मंदिरों मे हुई महाआरती

नगर के गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,कृष्ण वराममंदिर, बाबाघाट, कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर,गया दत्त वार्ड में राममंदिर स्थित हनुमान मंदिर, स्टेशन थाना हनुमान मंदिर,सिंधी कालोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर, गयावार्ड स्थित राममंदिर में स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर, नगरपालिका चैरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट, तहसील परिसर, सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीडब्लूडी, पीएचई कार्यालय, वनविभाग, अनगढ़ मंदिर, बड़ेपूल के पास, नृसिंह वार्ड स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर, नरसिंह मंदिर,झिरना स्थित, सदर मढिया, जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में जयंती दिवस पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सायं भंडारा की समाप्ति के उपरांत महाआरती की गई जिसमें अंजनी पुत्र हनुमान जी महाराज की महाआरती से सभी जगह जन्मोत्सव दिवस का समापन किया गया।

### शोभायात्रा निकाली गई

श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री हनुमान जी मंदिर मे सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत और आरती की गई। बडी संख्या में लोगो के साथ झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वही मंदिरों मे दिन भर भंडारें प्रसादी वितरण कार्यक्रम चलता रहा। भक्तों द्वारा दिन भर पूजन पाठ, चोला वंदन, सुंदरकाण्ड पाठ, अखंड रामायण, भजन कीर्तन, आरती आदि की गई। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों द्वारा हैरतंगेज प्रर्दशन कर मन मोह लिया। पंचमुखी हनुमान मंदिर मे मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो दिनभर अनवरत जारी रहा। नगर के हनुमान मंदिरों में प्राकट्योत्सव पर होने वाले धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दो दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू हो गईं थीं। मंदिरों की खास साज-सज्जा की गई। हनुमानजी की प्रतिमा का सिंदूर से चोला वंदन करते हुए भक्तों ने आरती गई। भंडारों में प्रसाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शाम के समय स्टेशनगंज स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं-पुरुषों, बच्चों की भीड़ रही।

### डोंगरगांव नर्मदा में प्रवेश उत्सव संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्कूल चले हम अभियान के अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला डोंगरगांव नर्मदा में प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्रीमती सुषमा रामाधार शर्मा एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीतम ढीमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। ग्राम सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का आधार है, इसलिए हर अभिभावक को अपने बच्चे को नियमित स्कूल भेजना चाहिए। वहीं शाला समिति अध्यक्ष ने स्कूल के विकास और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान शासन की मंशा अनुरूप शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों के सेट वितरित किए गए। नई पुस्तकें प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर हर्ष की लहर दौड़ गई। अतिथियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत और विशेष भोज कराया गया। ग्राम सरपंच ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं शाला समिति अध्यक्ष ने विद्यालय की प्रगति और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने में पूर्ण सहयोग की बात कही। शिक्षकों ने बताया कि यह अभियान 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक निरंतर चलेगा, जिसमें भविष्य से भेंट और पालक-शिक्षक संवाद जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## वन दिवस पर वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, सह प्रभारी प्रो.प्रीती कौरव के मार्गदर्शन में एवं दलनायिका मनीषा राजपूत, सह दलनायिका गरिमा पाण्डेय के नेतृत्व में वन दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी ने स्वयंसेवकों को वन संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि वन हमारे जीवन का आधार है इनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है उन्होंने सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने वनों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वय, सहप्रभारी प्रो.प्रीति कौरव, श्रीमती कल्पना साहू तथा स्वयंसेवकों में दलनायिका मनीषा राजपूत , सह दलनायिका गरिमा पांडेय, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता , दीक्षा वर्मा , आसन यादव, ज्योति वर्मा , पिंकी मेहरा एवं शिखा साहू उपस्थिति रहीं।

## सहकारी समितियों के माध्यम से मिट्टी तेल उपलब्ध कराने की मांग



**गोटेगांव।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में गरीब परिवारों ने राशन कार्ड के माध्यम से उचित मूल्य पर नीले केरोसिन (मिट्टी तेल) की आपूर्ति पुनः शुरू करने की मांग की है।

लंबे समय से इस सुविधा के बंद रहने के कारण अनेक परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्र के कई परिवार ऐसे हैं जिनके पास रसोई गैस सिलेंडर नहीं है या वे गैस भरवाने में सक्षम नहीं हैं। वर्तमान में गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 935.50 रुपये होने के कारण गरीब परिवार लकड़ी और कंडे से चूल्हा जलाने को मजबूर हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 60 रुपये प्रति लीटर की दर से मिट्टी तेल उपलब्ध कराए, तो गरीब परिवार भी अपनी सामर्थ्य अनुसार इसे खरीदकर भोजन बना सकेंगे। नागरिकों ने राज्य एवं केंद्र सरकार से इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

## रानी अवंती बाई कन्या स्कूल में प्रवेश उत्सव की धूम

**गोटेगांव।** स्थित पीएम श्री शासकीय रानी अवंती बाई कन्या स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया।कार्यक्रम के तहत स्कूल को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया तथा नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं वीरांगना रानी अवंती बाई के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई।प्राचार्या श्रीमती सीमा भट्ट ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं जैसे स्मार्ट क्लास एवं लैब की जानकारी दी।

इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में जन शिक्षक विकास साहू, शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ नए सत्र की शुरुआत



**गोटेगांव।** सांदीपनि विद्यालय में 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इस अवसर पर विधायक महेंद्र नागेश एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित कर शुभकामनाएं दीं।नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष सिसोदिया, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## एनएचआई के विद्युत पोल बनें शोभा की सुपारी



**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच राजमार्ग चौराहे से लेकर मदनपुर तक लगे सड़क मार्ग के बीच विद्युत पोल केवल शोभा की सुपारी बन कर रह गए हैं। इस स्ट्रीट लाइट को लेकर अनेकों बार एन एच आई के विद्युत अधिकारियों को शिकायत करने के बाबजूद भी सुधार ना हो पाना क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।विगत तीन माह से स्ट्रीट लाइट बंद हैं। जिसकी शिकायत 1033 पर लोगो ने की है पर एन एच ए आई द्वारा शिकायत तो दर्ज कर ली जाती है पर आज दिनांक तक लाइट चालू नहीं हो पाई है स्ट्रीट लाइट बंद रहने का सबसे ज्यादा आनंद पियक्कड उठा रहे हैं जो ऊपर ब्रिज के पास अँधेरे में शराब खोरी किया करते हैं। कांच की बोतल फोड़कर रोड पर फेंक देते हैं। और उन्ही बोतलों के कांच से गाड़ियों के टायर ख़राब हो रहे हैं। कहीं कट तो कहीं पंचर हो रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शीयो ने बताया की तीन महीने पहले कभी हॉस्पिटल तरफ की लाइट जलती तो कभी नटराज तरफ की और लगभग 15 दिन तो लिस बुझ होती रही पर सुधारने के बजाय पूरी तरह बंद कर दी है अपुष्ठ सूत्रों से पता चला है कि यह सब खेल एन एच ए आई की सेटिंग से चल रहा है। लाखों के बिजली बिल की बचत की जा रही है एवं किसी ठेकेदार को लाभ पहुंचाया जा रहा है ।

# संकट कटे मिटे सब पीरा

## श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर हूये विविध आयोजन





**तेंदूखेड़ा।** श्री राम रसिया संकटमोचक हनुमान जी महाराज के प्रकटोत्सव महापर्व पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए। पूर्णिमा होने पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान पूजन अर्चन किया तथा हनुमान मंदिर में जाकर पूजन अर्चन किया।जगह-जगह अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ चोला बंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गये। नगर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम रसिया हनुमान जी महाराज दादा दरबार में तीन दिवसीय कार्यक्रम का हबन पूजन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। प्रकटोत्सव महापर्व पर श्री हनुमान जी महाराज का दिव्य श्रंगार किया गया दोपहर में विशेष पूजन अभिषेक किया गया। तथा महाआरती की गई।

### नगर में निकली विशाल शोभायात्रा

विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल और बाहन चालक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नगर में श्री हनुमान प्रकटोत्सव महापर्व धूमधाम से मनाये जाने को लेकर पूर्व से ही व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। राम घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई ।मंगल भवन में धर्म सभा का आयोजन किया गया। तथा विशेष झांकी अखाड़े के साथ नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। कृषि उपज मंडी परिसर में विराजमान हनुमान मंदिर में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।नगर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष साज सज्जा की की गई थी। हरसिद्धि मंदिर परिसर तथा ऊमरपानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन अर्चन सुंदरकांड पाठ भंडारे का आयोजन किया गया।

### विधायक ने किया पूजन अर्चन

इन सभी कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा हनुमान मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन किया तथा विश्वहिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के जिला अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर जिला भाजपा उपाध्यक्ष महीष मोदी और मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज प्रमुख रुप से उपस्थित थे।